कार्यालय छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, रायपुर
व्यापम भवन, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर–19, अटल नगर, नवा रायपुर (छ.ग.)–492002
Phone No.- 0771-2972780, Fax No.- 2972782,
Website- https://vyapam.cgstate.gov.in

क्रमांक / व्यापम / 2022 / 5198 रायपुर, दिनांक 07/10/22

:: सूचना ::

संयुक्त भर्ती परीक्षा (SGST21) के ''कौशल परीक्षा'' आयोजन के सम्बंध में

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, अटल नगर, रायपुर द्वारा विभिन्न 03 विभागों से प्राप्त प्रस्ताव के आधार पर दिनांक 26.12.2021 को स्टेनो टायपिस्ट, स्टेनोग्राफर (हिन्दी) एवं स्टेनोग्राफर (अंग्रेजी) पदों हेतु संयुक्त भर्ती परीक्षा 2021 (SGST21) का आयोजन किया गया था एवं लिखित परीक्षा उपरांत कौशल परीक्षा के लिए पात्र अभ्यर्थियों के प्रथम चरण परिणाम दिनांक 23.03.2022 को घोषित किया गया ।

उक्त भर्ती परीक्षा हेतु पात्र अभ्यर्थियों की द्वितीय चरण की कौशल परीक्षा दिनांक 29 अक्टूबर 2022 (शनिवार) को **IDZ** बिलासपुर में आयोजित की जायेगी।

कौशल परीक्षा हेतु अभ्यर्थियों को प्रेक्टिस करने के लिए मॉक टेस्ट लिंक की सुविधा व्यापम वेबसाइट पर उपलब्ध है। कौशल–परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र व्यापम के वेबसाइट **vyapam.cgstate.gov.in** पर 10 दिवस पूर्व उपलब्ध होंगे। अभ्यर्थी अपना लिखित परीक्षा का रोल नंबर एंटर कर कौशल परीक्षा हेतु ऑनलाइन प्रवेश पत्र प्राप्त कर सकेंगे। अभ्यर्थी परीक्षा दिवस को कृपया डेढ़ घंटा पूर्व अपने परीक्षा केन्द्र में उपस्थित रहें, जिससे आपके मूल पहचान पत्र से पहचान किया जा सके एवं परीक्षा केंद्र में जाने हेतु अनुमति दी जा सके। जो अभ्यर्थी एक से अधिक पदों पर कौशल–परीक्षा हेतु पात्र हुए हैं, वे सभी पदों के लिए पृथक–पृथक प्रवेश पत्र के साथ परीक्षा केन्द्र में जावे ।

नियंत्रक
छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल
रायपुर

Suchna SGST21 - PRESS Note